तैयारी: यूपी के आठ आकांक्षी जिलों में होगा एक लाख करोड़ का निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा के बाद धरातल पर उतरने जा रहा सबसे ज्यादा निवेश सोनभद्र में ही होने वाला है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान देश-विदेश के औद्योगिक समूहों की ओर से मिले 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को योगी सरकार धरातल पर उतारने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी हुई है। इसमें सोनभद्र समेत आठ आकांक्षात्मक जिले भी निवेश की राह पर आगे हैं।

देशभर के 100 आकांक्षात्मक जिलों में से आठ उत्तर प्रदेश में हैं, जिन्हें पिछड़ा माना जाता है। मगर, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज के लिए इनकी परफॉर्मेंस ने सबको चौंका दिया है। अब तक 7 लाख करोड़ के निवेश में से एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश इन आठ आकांक्षात्मक जिलों में धरातल पर उतरने जा रहा है।

आजमगढ़ के अकबेलपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया।

ग्रोथ इंजन बनेंगे: यूपी का सोनभद्र, चंदौली जिला, जो कभी देश में नक्सलियों से प्रभावित था, आज प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा डकैतों के आतंक से प्रभावित चित्रकूट और पिछड़ा जिला होने का दंश झेल रहे सिद्धार्थनगर, बहराइच, फतेहपुर, श्रावस्ती और बलरामपुर ने बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यह मुख्यमंत्री की छोटे जिलों को विकास से जोड़ने की मुहिम का ही असर है।

सम्मान और सुरक्षा मोदी गारंटी की देन : योगी

वाराणसी/ मिर्जामुराद, हिटी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में दुनिया के अंदर भारत को सम्मान मिल रहा है तो देश में विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। यह मोदी गारंटी की देन है। सीएम मिर्जामुराद में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम में बोल रहे थे। ब्योरा P10